दिन–रविवार दिनांक– 30 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्‌घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पैंतीस करोड सात लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले दस वर्ष में दस करोड़ टन बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना भारत में खेलों के लिहाज से बेहद सफल रहा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही टोक्यो में डेफलिंपिक्स में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा और देश की खिलाड़ियों ने विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने बताया कि भारतीय महिला टीम ने एक भी मैच हारे बिना दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास की यह सबसे बड़ी जीत है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी।

श्री मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरुआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्‌घाटन किया गया।

भारतीय नौसेना में आईएनएस माहे को शामिल किये जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत का सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है तो हर भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस माहे के स्वदेशी डिज़ाइन की व्यापक रूप से चर्चा हुई है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश के लाखों लोगों ने वोकल फॉर लोकल की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है।

राज्य के इक्यासी हजार दो सौ तेईस सरकारी विद्यालयों के छात्र–छात्रओं की उपस्थित अब टैबलेट के माध्यम से की जाएगी। शिक्षा विभाग के अनुसार इसके लिए स्कूलों के प्रधानाध्यापक और एक नोडल शिक्षक को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक मंयक वरवड़े ने बताया कि यह उपस्थिति छात्रों के चेहरे की पहचान के माध्यम से दर्ज की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय साठवें अखिल भारतीय डीजीपी, आईजीपी सम्मेलन को अपराह्न तीन बजे सम्बोधित करेंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आयामो पर विचार साझा करने का मंच उपलब्ध करता है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोनपुर के विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमार मेला क्षेत्र में लगे विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी स्टॉल पर भी गए और उत्पादों से सम्बंधित जानकारियां ली। इस दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुपुपर गांव में एक शादी समारोह मे हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से दुल्हे की मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

मधुबनी जिले का स्थापना दिवस कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर मशहुर गायक जसलीन मथारू अपनी प्रस्तुति देंगी। जिला प्रशासन ने लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

———————————————————————————

मधेपुरा जिले के कुमारखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखासन में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भरहर चौक के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आ जाने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई।

———————————————————————————

समाप्त